# टेक्नोलॉजी का मतलब ज़िन्दगी को जटिल बनाना नहीं है: दीपक काबू

आजकल भारतीय टेक्नोलॉजी बाज़ार पर चीनी और विदेशी कंपनियों ने अपना वर्चस्व सा बना लिया है। हालाँकि सोशल मीडिया पर समय समय भारतीय जनता चीनी और विदेशी कंपनियों के खिलाफ बोलती नज़र आती है। इसके बावजूद भी हम इन कंपनियों की ओर आकर्षित होते जा रहे हैं अब इसका पहला कारण यह है कि भारतीय स्मार्टफ़ोन निर्माता कंपनी शायद लोगों को वह सब फीचर और स्पेक्स नहीं दे पा रही हैं जो उन्हें आज के इस दौर में चाहिए, दूसरी बात यह भी हो सकती है कि अगर भारतीय कंपनियां अगर लोगों के अनुसार स्मार्टफ़ोन बना भी रही हैं तो उनकी कीमत बहुत ज्यादा है। ऐसे में कुछ ऐसी भारतीय कंपनियां ही बाज़ार में मौजूद हैं, जो अभी भी इन चीनी कंपनियों

**के सामने घुटने टेकने को तैयार नहीं है। ऐसी ही एक कंपनी है जियॉक्स मोबाइल्स।**

Ashvani Kumar द्वारा19 - Dec - 2016

आजकल भारतीय टेक्नोलॉजी बाज़ार पर चीनी और विदेशी कंपनियों ने अपना वर्चस्व सा बना लिया है। हालाँकि सोशल मीडिया पर समय समय भारतीय जनता चीनी और विदेशी कंपनियों के खिलाफ बोलती नज़र आती है। इसके बावजूद भी हम इन कंपनियों की ओर आकर्षित होते जा रहे हैं अब इसका पहला कारण यह है कि भारतीय स्मार्टफ़ोन निर्माता कंपनी शायद लोगों को वह सब फीचर और स्पेक्स नहीं दे पा रही हैं जो उन्हें आज के इस दौर में चाहिए, दूसरी बात यह भी हो सकती है कि अगर भारतीय कंपनियां अगर लोगों के अनुसार स्मार्टफ़ोन बना भी रही हैं तो उनकी कीमत बहुत ज्यादा है। ऐसे में कुछ ऐसी भारतीय कंपनियां ही बाज़ार में मौजूद हैं, जो अभी भी इन चीनी कंपनियों के सामने घुटने टेकने को तैयार नहीं है। ऐसी ही एक कंपनी है जियॉक्स मोबाइल्स।

भारत में 2015 में अपनी शुरुआत करने वाली जियॉक्स मोबाइल्स उस वर्ग के बीच अपने आप को स्थापित करना चाहती है, जो आज भी मोबाइल फ़ोन लेने में सक्षम नहीं है जो Rs. 10-20 हजार वाला कोई फ़ोन अफोर्ड नहीं कर सकती है। और वह किस हद तक अपने इस लक्ष्य को पा सकी है। हालाँकि जियॉक्स बाज़ार में कोई जाना-पहचाना नाम नहीं है, फ़िलहाल भारतीय ग्राहकों के जहन में भारतीय मोबाइल कंपनी के रूप में माइक्रोमैक्स, इंटेक्स, यू, कार्बन, जेनमोबाइल्स, आईबॉल, लावा आदि ही बसे हैं। आइये जानते हैं जियॉक्स मोबाइल्स के CEO दीपक काबू इस बारे में क्या कहते हैं. ये हैं **अश्वनी कुमार** के साथ हुई **दीपक काबू** की बातचीत पर आधारित अंश...!

**प्रश्न 1.** सबसे पहले हमें जियॉक्स मोबाइल्स कंपनी के विषय में बतायें? आपको कंपनी शुरू करने का आइडिया कब और कैसे आया?

**जवाब**- हमने कंपनी की शुरूआत 2015 के शुरूआत में की थी और तब से लेकर अब तक हम ग्राहकों को उनकी जिंदगी को बेहतर बनाने में सक्षम बनाने के हमारे विजन को पूरा करने के लिये निरंतर प्रयासरत हैं। नई दिल्ली में हमारी अपनी उत्पादन इकाई है और आने वाले समय में दो अन्य यूनिट्स शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। देश भर में हमारे 600 से अधिक फिजिकल सर्विस सेंटर्स हैं और इनके माध्यम से हम भविष्य में अपने ग्राहकों से जुड़ने के लिये हमेशा तैयार हैं। हम देश भर में परिचालन कर रहे हैं।

पिछले दो वर्षों में हमने तेजी से उत्पादों की पेशकश की है, जो अपने गुणवत्ता मानकों के कारण उद्योग में मिसाल बन गये हैं। हम ऐसे उत्पादों/फोंस की पेशकश करने पर जोर देते हैं, जिनकी वाकई में लोगों को जरूरत है, जो इस्तेमाल में आसान होंगे, जिनसे यूजर की सभी जरूरतें पूरी होंगी और जो वाकई में उनकी जिंदगी को सरल बनायेंगे। टेक्नोलॉजी का मतलब जिंदगी को जटिल बनाना नहीं, बल्कि उसे आसान बनाना होता है। जियॉक्स का

आइडिया तकनीक अभिप्रेरित, इस्तेमाल में आसान फोंस की पेशकश करना है।

**प्रश्न 2.** जियॉक्स मोबाइल्स अपने अन्य प्रतिस्पर्धियों से अलग कैसे हैं?

**जवाब**- कुछ ऐसे मापदंड हैं, जिनके आधार पर जियॉक्स डिवाइजेस को ग्राहकों द्वारा पसंद किया जायेगा। जियॉक्स मोबाइल्स का फोकस अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने पर है, इसलिये वे उत्पादों की अच्छी क्वालिटी सुनिश्चित करते हैं। ये मोबाइल्स हर उम्र वर्ग के लोगों के लिये हैं, इन तक आसानी से पहुंच बनाई जा सकती है और इनमें जटिलता काफी कम है। जियॉक्स मोबाइल्स द्वारा ग्राहकों को 10 दिनों की सर्विस भी प्रदान की जाती है, ताकि वे सुनिश्चित कर सकें कि उपभोक्ता अपने उत्पाद से संतुष्ट है और आसानी से डिवाइस को संभाल सकता है। ग्राहकों के साथ ही ब्रांड द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि उनके चैनल पार्टनर्स उत्पादों के लॉन्च को लेकर संतुष्ट हैं।  बाजार में उतारने से पहले हमारे उत्पादों की क्वॉलिटी का सख्ती से परीक्षण किया जाता है, जिससे ग्राहकों के लिये अधिकतम विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। इस तरह बेकार क्वालिटी और इस्तेमाल में परेशानी वाले उपकरणों से भरपूर बाजार में अच्छे उत्पादों के प्रति ग्राहकों का विश्वास हासिल किया जाता है।

**प्रश्न 3.** कंपनी का नाम 'जियॉक्स' रखने के पीछे कोई कोई खास कारण?

**जवाब**- जियॉक्स एक भरोसे को दर्शाता है, जो फोन खरीदते समय सबसे महत्वपूर्ण कारक होता है। यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहक ब्रांड में विश्वास करें और इसके  लिये भरोसेमंद रहें। इसके साथ ही यह नाम थोड़ा अलग है और इसकी अपनी अनूठी स्टाइल है, जो बाजार में उपलब्ध अन्य ब्रांड्स से इसे अलग बनाती है।

**प्रश्न 4.** बजट फोन कैटेगरी के अलावा, भविष्य में किस रेंज के फोंस की पेशकश की जा सकती है?

**जवाब**- फीचर फोन की यदि बात करें, जियॉक्स ने लगभग 20-25 फीचर्स फोंस पेश किये हैं। हमने भारतीय बाजार में वर्ष 2016 में तकरीबन 8-10 3जी स्मार्ट फोंस लॉन्च किये हैं और साल की समाप्ति से पहले हमने 4जी स्मार्टफोंस को पेश करने की रणनीतिक योजना बनाई है। इनकी कीमतें 6 हजार रूपये के अंदर होंगी।

**प्रश्न 5.** आपने अब तक किन फोंस की पेशकश की है? और इनकी कीमतें क्या हैं?

**जवाब**- भारतीय बाजार में वर्ष 2016 में जियॉक्स ने तकरीबन 8-10 3जी स्मार्टफोंस लॉन्च किये। इनमें 3 हजार से 5 हजार की कीमत रेंज में प्रमुख एस्टां जिंग+ और एस्ट्रा एनएक्सटी शामिल हैं। फीचर फोंस की बात करें, तो जियॉक्स द्वारा 20-25 फीचर फोंस पेश किये जा चुके हैं। इनमें सेल्फी कैमरा के साथ हमारा पहला फीचर फोन - जेल्फी, थंडर हीरो और थंडर प्राइम इत्यादि शामिल हैं। इन फोंस की कीमत 900 रूपये से कर 2500 रूपये तक है। संक्षेप में कहें, तो हमने हर जरूरत और हर बजट के लिये फोंस लॉन्च किये हैं।

**प्रश्न 6.** आपकी राय में भारत में आपका सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी कौन है?

**जवाब**- एक नया ब्रांड होने के नाते, इंडस्टीं में पहले से स्थापित कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा एक स्वभाविक चुनौती है। प्रतिस्पर्धा पर विचार करना एक मुश्किल काम है, लेकिन हमें पूरा भरोसा है कि भारतीय उपभोक्ता हमारे उत्पादों के भारत में निर्मित होने के बावजूद अंतरराास्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को निश्चित रूप से समझेंगे।

**प्रश्न 7.** आपके अनुसार, आपकी प्रमुख यूएसपी क्या है, जो खास/अलग है?

**जवाब**- जियॉक्स डिवाइस का चुनाव ग्राहकों द्वारा दो मानकों के आधार पर किया जाता है। पहला- क्वालिटी एश्योरेंस (गुणवत्ता का भरोसा) और दूसरा- अनकॉम्प्लीकेटेड (झंझटमुक्त)। बाजार में ऐसे फोंस की भरमार है, जिनकी न तो क्वालिटी का भरोसा है और न ही वे इस्तेमाल में आसान हैं। हमें पूरा भरोसा है कि जियॉक्स डिवाइस का चुनाव कर ग्राहक सही फैसला करेंगे।

**प्रश्न 8.** अभी तक कितनी बिक्री हुई है? और इस बारे में ग्राहकों का क्या फीडबैक रहा है।

**जवाब**- जियॉक्स ने 2015 में मोबाइल सेगमेंट में कदम रखा था और पिछले 8-9 महीनों में तकरीबन 2 मिलियन फोंस बेचे जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2016-17 के अंत तक 5 मिलियन फोन बेचने की हमारी योजना है। इसके साथ ही व्यापक वितरण चैनल नेटवर्क के अनुसार, जियॉक्स की एक ब्रांड वैल्यू है और इसे ग्राहकों ने काफी पसंद किया है। हमारे मोबाइल हैंडसेट की मांग में हमने जबरदस्त बढ़ोतरी देखी है और अब तक हम ग्राहकों की उभरती जरूरतों के अनुसार विशेष समाधान भी पेश करते रहे हैं।

**प्रश्न 9.** नोकिया कंपनी इंडस्ट्री में लौट रही है, क्या इससे आपके फ़ोन और आपकी कंपनी पर कोई असर पड़ेगा?

**जवाब**- इसका वाकई में हम पर कोई असर नहीं होगा, क्योंकि हम दोनों का परिचालन अलग-अलग रेंज में है। नोकिया प्रीमियम प्राइस टैग में है और हम 6000 रूपये से कम के फोन बाजार पर निशाना साध रहे हैं। हालांकि, नोकिया एक पुराना ब्रांड है, लेकिन हमारे ग्राहकों ने हमारे ब्रांड में जो भरोसा जताया है, उसे देखते हुये हमें पूरा विश्वास है कि जियॉक्स मौजूदा बाजार परिदृश्य में मजबूती से कायम रहेगी।

**प्रश्न 10.** भविष्य में फोंस के बारे में आपने क्या नया सोचा है?

**जवाब**- हम फोन के तकनीकी पहलुओं को सुधारने और इसे अधिक यूजर फ्रेंडली बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिये  हम अपने डिवाइसेज को अधिक लागत प्रभावी बनाने और बाजार में अन्य ब्रांड्स के मुकाबले इन्हें किफायती कीमतों में पेश करने के लिये तत्पर हैं। ग्राहकों के सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल के लिये हम निश्चित रूप से यह ध्यान देंगे कि उन्हें फोन के किसी भी पहलू को लेकर समझौता नहीं करना पड़े और उनके पैसों की सर्वश्रेष्ठ कीमत उन्हें मिल सके।

**प्रश्न 11.** क्या जियॉक्स की निकट भविष्य में नये मोबाइल्स पेश करने की योजना है?

**जवाब**- जियॉक्स मोबाइल्स ने फीचर फोंस के लिये पहले ही बाजार खड़ा कर लिया है  और स्मार्टफोंस कैटेगरी में कदम रखने के लिये हम जल्द ही 4जी स्मार्टफोंस की पेशकश करने जा रहे हैं। हमारे ग्राहकों के लिये इन स्मार्टफोंस को किफायती कीमतों में बाजार में उतारा जायेगा।

**- श्री दीपक काबू (सीईओ, जियॉक्स मोबाइल्स) से हुई बातचीत पर आधारित।**

**Find below the link for the story**

http://www.digit.in/hi/mobile-phones/technology-not-means-to-complicated-things-deepak-kabu-tech-news-in-hindi-29347.html